# महोबा पुलिस

दिनांक- 17.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 378/26

**पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।**

- आज दिनांक 17.07.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



# महोबा पुलिस

दिनांक- 17.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 379/26

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन में "शुक्रवार की परेड" की सलामी लेकर किया गया निरीक्षण, अनुशासन व एकरूपता पर दिया गया विशेष बल...।

आज दिनांक 17.07.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित "शुक्रवार की परेड" की सलामी ली गई। इस परेड का उद्देश्य पुलिस बल में अनुशासन, एकरूपता, शारीरिक दक्षता एवं टीम भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।

परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारियों की ड्रिल का गहन निरीक्षण किया गया। कदमताल, ड्रिल मूवमेंट, टर्नआउट एवं एकरूपता की बारीकी से समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

परेड में जनपद महोबा के विभिन्न थानों एवं शाखाओं में नियुक्त पुलिसकर्मियों ने सहभागिता करते हुए अनुशासन एवं समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

परेड उपरांत पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आदेश कक्ष में उपस्थित होकर गार्द रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ड्यूटी व्यवस्था, गार्द डिटेल एवं अभिलेखों के रखरखाव की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को सतर्कता, समयबद्धता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि नियमित परेड से पुलिस बल में अनुशासन, एकजुटता, शारीरिक फिटनेस एवं कार्यकुशलता का विकास होता है, जो कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं आमजन को बेहतर एवं प्रभावी पुलिस सेवा प्रदान करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।



दिनांक- 17.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 380/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर – थाना खन्ना

## थाना खन्ना पुलिस टीम द्वारा दहेज प्रतिषेध के मामले में 03 नफर वांछित अभियुक्तगणों को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में जनपद में चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में थानाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र सिंह थाना खन्ना जनपद महोबा की देखरेख में पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

उक्त क्रम में आज दिनांक 17.07.2026 को उ0नि0 लक्ष्मीनारायण सिंह मय हमराही कां0 अमित सिंह यादव, रि0का0 अरविन्द पाल व रि0म0का0 अनुप्रिया द्वारा 03 नफर वांछित अभियुक्तगण क्रमशः-

1. अर्जुन पुत्र बरादानी, उम्र करीब 22 वर्ष
2. बरदानी पुत्र स्व0 बबुआ, उम्र करीब 50 वर्ष
3. श्रीमती विद्यारानी पत्नी बरदानी, उम्र करीब 45 वर्ष समस्त निवासीगण दुबे का पुरवा ग्राम मवईखुर्द थाना खन्ना जनपद महोबा को सम्बन्धित मु0अ0सं0 68/26 धारा 80/85 बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में गुढ़ा मोड़ कस्बा खन्ना से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. अर्जुन पुत्र बरादानी, उम्र करीब 22 वर्ष
2. बरदानी पुत्र स्व0 बबुआ, उम्र करीब 50 वर्ष
3. श्रीमती विद्यारानी पत्नी बरदानी, उम्र करीब 45 वर्ष समस्त निवासीगण दुबे का पुरवा ग्राम मवईखुर्द थाना खन्ना जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 लक्ष्मीनारायण सिंह
2. कां0 अमित सिंह यादव
3. रि0का0 अरविन्द पाल
4. रि0म0का0 अनुप्रिया



दिनांक- 17.07.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 381/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर – थाना कोतवाली नगर

## थाना कोतवाली नगर महोबा द्वारा मारपीट व जानलेवा हमले के अभियोग में 01 अन्य वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, भेजा गया जेल।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

दिनांक 14.07.2026 को जयवेन्द्र सिंह उर्फ विक्की ठाकुर पुत्र बाबू सिंह निवासी मोहल्ला समदनगर, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा को धारदार हथियार (कुल्हाड़ी) से हमला कर घायल किया गया था, जिसके संबंध में थाना कोतवाली नगर महोबा पर मु0अ0सं0 344/2026 धारा 191(2), 191(3), 109(1), 118(2), 3(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। जिसमें गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुये **दिनांक 15.07.2026 को घटना में संलिप्त मुख्य अभियुक्त रोहित कुमार व सहअभियुक्त नादिर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है** तथा शेष वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु गठित टीमों द्वारा निरन्तर सार्थक प्रयास किये जा रहे थे।

जिसके क्रम में आज दिनांक 17.07.2026 को उक्त प्रकरण में वांछित 01 अन्य अभियुक्त अभिषेक पुत्र शिवराम श्रीवास निवासी मोहल्ला समदनगर, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा, मूल निवासी मोहल्ला इंचौली, थाना मौदहा, जनपद हमीरपुर को पुलिस टीम द्वारा नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी उपरान्त जेल भेज दिया गया है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :

अभिषेक पुत्र शिवराम श्रीवास निवासी मोहल्ला समदनगर, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा, मूल निवासी मोहल्ला इंचौली, थाना मौदहा, जनपद हमीरपुर।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :

1. प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री मनीष कुमार पाण्डेय
2. हे0का0 उमाशंकर शुक्ला
3. रि0का0 शिखर सिंह
4. म0रि0का0 काजल सिंह

